

मूल्य रु। ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख • सलंग अंक १४४ • अप्रैल-२०१९

श्री नरनारायणदेव पाटोत्सव
श्री नरनारायणदेव जयंती

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.



(१) जेतलपुर स्वामिनारायण मंदिर श्री रेवती बलदेवजी हरिकृष्ण महाराज के पाटोत्सव के अवसर पर अभिषेक करते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री और दर्शन का लाभ उठाते हुए हरिभक्त ।(२) जेतलपुरधाम में गंगामां के घर दर्शन के लिये खोलते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(३) न्यु राणीप मंदिर के ३४ वें पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी की आरती उतारते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(४) मोटेरा मंदिर में पाटोत्सव अवसर पर अन्नकूट की आरती उतरते प.पू. आचार्य महाराजश्री । (५) बालासिनोर मंदिर के पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी की आरती उतारते प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(६) श्री स्वामिनारायण मंदिर घाटलोडिया पाटोत्सव प्रसंग पर ठाकोरजी की आरती उतारते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(७) करांची (पाक.) अपने मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव मनाते श्री नरनारायणदेव के युवा हरिभक्त ।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र
वर्ष - १२ ● अंक : १४३
मार्च-२०१९

संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत
स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ८२३८००१६६६
मो. ९०९९०९८९६९
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in
मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	प्रादुर्भाव के पहले	०६
०४.	भक्ति तनय का शरण मिला है	०८
०५.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के मुख से सर्व जीव हितावह अमृत वचन	१०
०६.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१४
०७.	सत्संग बालवाटिका	१६
०८.	भक्ति सुधा	१८
०९.	सत्संग समाचार	२२

अस्मदीयम्

इस संसार में कई स्त्रियो के पति मर जाते है तो वह छाती पीट-पीटकर रोती है। और कई स्त्रियाँ ऐसी भी होती है जो अपने विवाहित पति का त्याग करके भगवान का भजन करती है। इसी तरह कई पुरुष होते है जिनकी स्त्री मर जाती है तो वह उसकी याद में रोता रहता है तथा दूसरे स्त्री के लिये परेशान रहता है। कई वैरागी पुरुष घर में विवाहित स्त्री को छोडकर परमेश्वर की भजन करते है इसी प्रकार लोगो का ईश्क अलग-अलग प्रकार का होता है।

"हमारा तो एक ईश्क है और एक ही सिद्धान्त है। तपस्या करके भगवान को खुश करना, भगवान तो सभी का भला करने वाले और स्वामी और सेवक भाव से भगवान की भक्ति करना तथा भगवान की उपासना किसी भी प्रकार से खंडित नही होनी चाहिए। इस लिये आप सभी हमारे वचन को परम सिद्धान्त मानना।" (व.का.-१०)

हमें समझ-समझकर यह ज्ञात हुआ है। यदि उपासना कच्ची होगी तो हमारा भला नहीं होगा। उपासना की नीव दृढ रखना चाहिए। इसमें ढिलास नही होनी चाहिए।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(मार्च-२०१९)

४ श्री स्वामिनारायण मंदिर भक्तिनगर (मूली देश) मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर आगमन।

७-८ श्री स्वामिनारायण मंदिर मांडवी (कच्छ) कथा-पाटोत्सव के अवसर पर आगमन।

९ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर श्री नरनारायणदेवका १९७ वाँ पाटोत्सव महोत्सव स्वयंम् के कर कमलो द्वारा सम्पन्न किये।

१६ श्री स्वामिनारायण मंदिर राणीप पाटोत्सव पर आगमन।

१७ अडालज गाँव में प.भ. राकेशभाई महेन्द्रभाई (शिकागोवाले) के वहाँ आगमन।

१८ श्री स्वामिनारायण मंदिर मकनसर (मूली देश) ठाकुरजीकी आरती उतारना वहाँ से वघासिया नूतन मंदिर का भूमि पूजन हेतु आगमन।

२० श्री नरनारायणदेव जयंती फूलदोलोत्सव रंगोत्सव स्वयं के हाथो से उल्लास पूर्वक मनाये।

२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर टिम्बा (मूली देश) पाटोत्सव अवसर पर समाजकी वाडी के भूमि पूजन के अवसर पर आगमन।

२३ निकोल श्री स्वामिनारायण मंदिर पर आगमन वहाँ से चिलोडा गाँव में पधारना।

२८ श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुर पाटोत्सव पर आगमन।

२९ श्री स्वामिनारायण मंदिर बालासिनोर पाटोत्सव के अवसर पर आगमन।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(मार्च-२०१९)

३ श्री स्वामिनारायण मंदिर आदरुज में आगमन।

८ श्री स्वामिनारायण मंदिर वडु (बहनों का) खात मुहूर्त के अवसर पर आगमन।

९ श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर श्री नरनारायणदेव १९७ वें पाटोत्सव को स्वयं के कर कमलो द्वारा पूर्ण किये।

२० कालुपुर श्री स्वामिनारायण मंदिर में श्री नरनारायणदेव जयंती फूल दोलोत्सव रंगोत्सव स्वयं के करकमलो द्वारा पूर्ण किये।

प्रादुर्भाव के पहले

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

जो असुर भगवान के साथ प्रबल वैरभाव रखते हुए भगवान का सतत स्मरण वाला होकर मृत्यु प्राप्त करते है। तथा जो असुर अंतिम समय में भगवान का दर्शन करके मृत्यु प्राप्त करते है तो वे सभी असुर मुक्ति प्राप्त करते है। लेकिन उपरोक्त दोनो वृत्तियो के अलावा तथा पंच विषयक भोग की तीव्र तृष्णा वाले व्यक्ति मृत्यु प्राप्त करता है तो भगवान भक्तो को दुःखी करने के लिये पुनः अवसर पुर्नः जन्म लेता है।

महाभारत के मतानुसार समुद्रमंथन से निकला अमृत देवता ले लेते है। तब भगवान श्री नरनारायणदेव मोहिनी का रुप धारण करके दानवो को मोहित कर देते है। तथा अमृत का पान देवताओ को कराते है । इस प्रकार अपने साथ श्री नरनारायणदेव के द्वारा अन्याय होने पर दानवो ने देवताओ के साथ भयंकर युद्ध किये। यही युद्ध देवासुर संग्राम के नाम से जाना जाता है। भगवान देवताओ की रक्षा के लिये श्री नर भगवानने शांर्गधनु, तथा श्री नारायण भगवानने सुदर्शन चक्र धारण करके दानवो को पराजित किये थे । श्री नरनारायण भगवान देवताओ का पक्ष लेने के कारण दानव भगवान के प्रिय भगवान भक्तो को दुःखी करने के लिये पुर्नजन्म लिये थे।

श्रीमद् भागवत पुराण (१०/१०/४३-४४) कहता है कि ''प्राचीन काल में देवासुर संग्राम के समय, कई भयानक असुर मारे गये थे। वे मनुष्य योनि में जन्म लिये तथा अभिमान से प्रजा को सताने लगे । (४३) उनका दमन करने के लिये भगवान की आज्ञा से देवतालोग यदुवंश में अवतार लिये थे। परीक्षित ! उनके कुल की संख्या १०१ है।(४४)

इस प्रकार पुर्नजन्म पाने वाले दानवो के संसार के लिये भगवान की आज्ञा से सभी देवता यदुवंश में जन्म लिये । भागवत (१०/८९/६०) (४/३/५९), महाभारत (आदि पर्व-२३३/१८-९) (सपर्व ४७/१०) उद्योग पर्व (४९/१९-२०) (शांति पर्व ३४/३७/ के अनुसार भगवान श्री नारायण श्री कृष्णरुप में तथा भगवान श्री नर अर्जुनरुप में प्रगट हुए। भगवान श्री कृष्ण कई असुरो का संहार किये तथा महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण तथा श्री अर्जुन के साथ मिलकर कई असुरो का नाश किये । भगवान श्री नरनारायणदेव के रुप में ऐसे श्रीकृष्ण तथा अर्जुन के द्वारा मारे गये असुर भगवान के प्रिय भक्तो को दुःखी करने के लिये पुनः जन्म लिये थे।

मया कृष्णेन निहताः सार्जुनेन रणेषु ये।
प्रवर्तयिष्यन्त्यसुरास्ते त्वधर्मं यदा क्षितौ ॥४२॥
धर्मदेवात्तदा मूर्तौ नरनारायणात्मना।
प्रवृत्तेऽपि कलौ ब्रह्मन् ! भूत्वाहं सामगो द्विजः ॥४३॥
मुनिशापान्नृतां प्राप्तं सर्षि जनकमात्मनः।
ततोऽविता गुरुभ्योडहं सद्धर्मं स्थापयन्नज ! ॥४४॥

(स्कंदपुराण-विष्णुखंड-वासुदेव माहात्म्य-अध्याय-१८)

''हे ब्रह्मन ! अर्जुन के साथ मेरे द्वारा युद्ध में मारे गये असुर जब पृथ्वी पर अधर्म फैलायेगे तब कलियुग में सामवेदी विप्ररुप धर्मदेव तथा मूरति से नरनारायण रुप में प्रगट होगे। हे ब्रह्मन ! तब सद् धर्म की स्थापना करते हुए। मुनि के श्राप से मनुष्य भाव को प्राप्त करने वाले ऋषि-मुनियो सहित धर्म भक्ति का अंश गुरुराजा के रुप में रक्षा करुँगा।(४२-४३-४४)

वासुदेव महात्म के १८ वे अध्याय में अध्ययन करकने से ज्ञात होता है कि भगवान बुद्ध के पश्चात तथा भगवान कल्कि से पहले जो नरनारायण स्वरुप का भगवान के चौदहवे अवतार का वर्णन है । वह कलियुग में सामवेदी ब्राह्मण ऐसे श्रीहरिप्रसादजी (श्रीधर्मदेव) तथा श्री मूर्ति देवी (श्री भक्तिमाता) के यहाँ छपैया में प्रगट हुए भगवान श्री स्वामिनारायण पूर्ण रुप में बताया गया है। दूसरे शास्त्रो में भी भगवान श्री स्वामिनारायण के प्रादुर्भाव का गूढ वर्णन दिखाई देता है। जैसे कि

स्वामिनारायणोऽस्माकमास्ते श्री वेंकटाचले ॥
कदाचिदवयमारुह्य हंसशुकं मनोजवम् ॥९॥

(स्कंदपुराण-वैष्णवखंड-वेंकटद्रिमाहात्मय अ.७)

श्री वेकेंट पर्वत वाली भारतभूमि पर किसी समय में हम समान शुक (परमहंस के समान पवित्र) मन समान वेग वाले

(कामदेव को भगाने वाले) घोडा के उपर विराजमन होकर हमारे (स्वामिनारायण भगवान विचरते होगे तथा

तारह्यात्पूर्वकं डेडन्तं नारायणपदं भवेत् ॥
अष्टाक्षरो मनुश्चाऽस्य साध्यो नारायणो मुनिः ॥३॥

(बृहन्नारदीय पुराण-पूर्व खंड अ.-७०)

''तारहत्'' पद पहले रखकर 'नरनारायण' पद रखने से आठ अक्षर वाला ''तारहन्नारायणाय'' मंत्र बना है । उसमें 'नमः जोडते दश अक्षरवाला मंत्र बनता है । अर्थात माया के विस्तार को हरने वाले नारायण को नमस्कार' ऐसा बोलकर ''श्री नारायणमुनि'' भगवान को साथ ले ।इसी प्रकार

विष्णु सहस्त्र नामसु - नरः कृष्णो
हरिधर्मनन्दनो धर्म जीविकाः ॥१७५॥

(पदमपुराण-उथ्तरखंड अ.-७२)

विष्णु सहस्त्रनाम में कहा गया है कि ''धर्म को जीवित रखने वाले मनुष्य रुप हरिकृष्ण नंदन भगवान है।

श्रीमद् भागवत पुराण में स्वयं श्रीकृष्ण भगवानने कहा है कि

अन्योऽपि धर्मरक्षायै देहः सम्भ्रियते मया ।
विरामायाऽप्यधर्मस्य काले प्रभवतः क्वचित् ॥

(भागवत - १०/५०/१०)

''धर्म की रक्षा करने के लिये और कालान्तर में बढते अधर्म के नाश हेतु मैं दूसरी शरीर धारण करुगा ।''

कृतादिषु प्रजा राजन् कलाविच्छन्ति सम्भवम् ।
कलौ खलु भविष्यन्ति नारायणपरायणाः ॥

(भागवत - ११/५/३८)

सतयुगमें जन्म लेने वाले व्यक्ति कलियुग में जन्म लेने की ईच्छा रखते है । कारण कलियुग में मनुष्य वास्तव में नारायण परायण होगे ।''

किरातहूणान्ध्रपुलिन्दपुल्कसा आभीरकङ्का यवनाः
खसादयः।
येऽन्ये च पापा यदुपाश्रयाश्रयाः शुद्धयन्ति तस्मै प्रभविष्णवे
नमः ॥

(भागवत - २/४/१८)

आन्ध्र, पुलिन्द, पुल्कय, आभीर, कंक, यवन, खश इत्यादि निग्न जातियाँ तथा दूसरे पापी लोग जिसके शरण में पवित्र हो जाता है । उस सर्व शक्तिमान भगवान को बार-बार प्रणाम करता हूँ ।

श्रीमद्भगवतगीता में कृष्ण भगवान कहते है कि

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

(श्रीमद्भगवत गीता - ४/७)

हे भारत ! (अर्जुन) जब-जब धर्म की हानि और अधर्म की वृत्ति बढ जाती है तब तब में अपने रुप को धारण करता हूँ । अर्थात लोगो के समक्ष प्रगट होता है ।

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥

(श्रीमद्भगवद गीता - ४/८)

सज्जन पुरुष का कल्याण करने के लिये, पापीयो का विनाश करने के लिये । धर्म की सम्यक स्थापना करने के लिये में युग युग में प्रगट होता हूँ ।

संतो का ऐसा मानना है कि भागवत में तथा गीता में जो संकेत है वह साक्षात् भगवान श्री स्वामिनारायण परमात्मा के लिये है ।

इस प्रकार कई शास्त्रो में पुराणो में भगवान प्रागट्य की पूर्व भविष्यवाणी को गूढ रुप से वर्णन किये है । लेकिन भगवान को पहचानने के लिये ऐसा कोई नियम नही है कि शास्त्रो पुराणो में उल्लेख ही हो । क्योकि कई अवतार विना भविष्यवाणी हुए भी हुआ है । लेकिन शास्त्र गूढ अर्थ में अपना अभिप्राय स्पष्ट करता है । वास्तव में भगवान का अप्रतिम ऐश्वर्य दर्शन से जान और पहचान सकते है ।

उद्धव सम्प्रदाय के सभी परमहंसो, सत्संगिजीवन, सत्संगिभूषण, भक्तचिंतामणी, श्रीहरि दिग्विजय, श्रीहरिलीला कल्पतरु आदि सभी ग्रन्थो में भगवान स्वामिनारायण के प्रादुर्भाव के विषय में वर्णन और लिखते है, बद्रिकाआश्रम में भगवान श्री स्वामिनारायण देव के मुँह से अमृत पान कराने में निमग्न होने के कारण श्री धर्मदेव, श्री भक्तिमाता, श्री उद्धवजी तथा मसियादिक ऋषियो ने जब दुर्वासा ऋषि का सन्मान नही किया गया । तब दुर्वासा ऋषिने सभी को श्राप देकर भरत खंड में जन्म लेकर असुरो द्वारा कष्ट पायेगे । तथा बताये कि उनमके श्राप के निवारण हेतु श्रीनरनारायणदेव भी भरतखंड में प्रगट हुए । मनुष्य भाव पाकर सभी लोगो को मेरे श्राप से मुक्तकरेगा ऐसा बताये थे ।

भक्ति तनय का शरण मिला है

- शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी (अमदावाद)

प्रार्थना स्तोत्र - वसंततिलका वृत्तम् अखंडानन्द वर्णी कृत्

हे नीलकंठ शरणागतजीवपालं संसारसिंधु पतितोद्धरणैककृत्यम् ।
स्वानां सुखं वितरितुं धृतनैकरुपं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयं शरणं हरिं त्वाम् ॥१॥
स्वामिन् सदाऽतिकरुणार्द्रविलोचनाब्जं स्वातिप्रियोद्धवमताब्जविकासनार्कम् ।
पाखंडखंडनपटं स्वजनार्द्रचितं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥२॥
मुक्तिप्रदं भवभयार्तजनस्य बंधुम् धर्माढ्यभक्तिपथपोषणतत्परं च ।
भक्तप्रियं सुरनराधिपवंद्यपादम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥३॥
नारायणं धृतमनोहरवर्णिवेषम् धर्मं च नैष्ठिकमिह प्रथयंतमाद्यम् ।
तापत्रयाभिभवकारिगुणानुवादं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥४॥
शर्मप्रदातुमवनौ स्वसतामदभवम् हंतुं च तत्प्रतीपदुष्टजनान्सदीशम् ।
भक्तौ वृषाद्धृतशुभांगमजं रमेशं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥५॥
यस्येक्षणं स्मरणकीर्तनवंदनानि प्रीत्याहृणं श्रवणमाशु हरंति पापम् ।
मोक्षं दिशन्तिभवपाशनिबंधनातम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥६॥
यस्याश्रयादवरजंतुरपि स्वपापं हित्वाप्य देववरणीयमथ स्वरुपम् ।
एत्यक्षरे निवसनं तमतीत्य विध्वान् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥७॥
दीनानुकंपितमरं शरणागताघस्तोमम् गुणज्ञ न गणय्यगुणम् तदीयम् ।
अप्यल्पमीश सुभगं बहु मन्यमानम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥८॥
संसारसिंधुपतितस्य निजाधतः स्वप्रारब्धकर्म परिभुक्तवतोऽल्प बुद्धैः ।
वीक्ष्य स्वयं स्वबिरुदं कुरु मे भवाब्धेरुदधारमार्तिहरणं प्रणामाम्यहं त्वाम् ॥९॥

अखंडानंद वर्णी इस स्तोत्र में अपने ईष्टदेव परमब्रह्म परमात्मा सर्वावतारी भगवान श्री स्वामिनारायण की भाव विभोर होकर प्रार्थना करते है। सम्प्रदाय में प्रचलित महापूजा की विधिवर्णिराज अखंडानंदजीने अपने ग्रन्थ में हरिचरित्र नामक संस्कृत भाषा में रचित है उस में वर्णन भी है। जिसकी प्रसिद्धि और प्रचार अ.स. श्री गोपालनंद स्वामी के आज्ञा से विशेष हुआ है । वह श्रीहरि को अति प्रिय है कारण इस महापूजा की विधिश्रीमद्भागवत और श्री वासुदेव महात्म में भी वर्णन करके एकान्तिक भक्तो को हमेशा करने की आज्ञा दी है । इस कारण से उद्धव संप्रदाय की नियमानुसार रचना की गयी है। ये महापूजा और श्रीहरि की प्रार्थना इस तरह करने के लिये इस अष्टक स्त्रोत की रचना की गयी है। इसका अर्थ यह है कि हमें कितने बड़े भगवान मिले है, उन शब्दो का अर्थ समझने का प्रयत्न करें।

हे नीलकंठ शरणागतजीवपालं संसारसिंधु पतितोद्धरणैककृत्यम् ।
स्वानां सुखं वितरितुं धृतनैकरुपं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयं शरणं हरिं त्वाम् ॥१॥

हे नीलकंठ नामधारी परमात्मा आप का स्वभाविक स्वभाव है कि आपकी शरण में आया कोई भी जीव सुपात्र या कुपात्र हो उस पर विना विचार किये हुए जीव मात्र की रक्षा करते है। संसार सागर में डूबकी लगाते अर्थात् मायावी दुख और कष्टो को भोगते हुए जीवो की उद्धार के लिये पृथ्वी पर अवतरित होने का मात्र एक कारण है। अवतार लेने का कारण है। जगत की उत्पत्ति स्थिति प्रलय क्रिया भी भगवान जीवो के हित के लिये करते है। अपने सृजित संसार में स्वयं अनेक रुप धारण करते है। बार-बार अवतार धारण करते है। जहाँ जिस रुप की आवश्यकता होती है वहाँ उस रुप को धारण करते है तथा जीव का कल्याण करते है। ऐसे दयालु जगत जननी माता भक्तिदेवी के पुत्र रुप में कलियुग में प्रगट होकर स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि की शरण में प्राप्त होते है और शरणागत बनते है।(१)

स्वामिन् सदाऽतिकरुणार्द्रविलोचनाब्जं स्वातिप्रियोद्धवमताब्जविकासनार्कम्।
पाखंडखंडनपटं स्वजनार्द्रचितं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥२॥

हे स्वामी सभी के नियन्ता सभी के कर्ता-हर्ता सर्व व्यापी प्रभु आप सदैव जीवमात्र उपर अतिशय करुणा मयी ने तो से दया करुणा के कारण द्रवित बन गये है। गीले हो गये है। अर्थात् आँखो से आँसु निकल बहा है। ऐसे नेत्र कमल से प्रेम वात्सल्य के सागर हो ऐसा दिखाई देता है। स्वयं के सखा जैसे उद्धवजी अपनी आज्ञा से जगत में पवर्तक एकेश्वर उपासना का ज्ञान का पोषण करते है। उसे पैलाते है। संसार में दिखाई देने वाले आडम्बर रुपी पाखंड का खण्डन करके अति कुशलता का परिचय देते है। स्वयं के एकान्तिक भक्तो की समझ से जिनका हृदय सदैव करुणा से भरा रहता है। ऐसे दयालु जगत जननी जगत

माता भक्ति देवी के पुत्र रुप में इस कलियुग में प्रगट हुए स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि के शरण में जाता हूँ। और मुझे शरण में ले।(२)

मुक्तिप्रदं भवभयार्तजनस्य बंधुम् धर्माढ्यभक्तिपथपोषणतत्परं च ।
भक्तप्रियं सुरनराधिपवंद्यपादम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥३॥

हे परमेश्वर श्रीहरि आपकी शरण में आने से मोक्ष प्राप्त होता है। जन्म-मरण से व्याकुल जीवो के सच्चे बंधु है। मुमुक्षु को सत्यमार्ग जो धर्म सहित भक्ति करके भगवान को प्राप्त करने का सरल उपाय उपदेश दिये है। भक्तो को आप प्रिय है। भक्त को आप प्रिय है। जिस के चरणो की सेवा बड़े बड़े राजा-महाराज सिद्ध और तपस्वी करते है ऐसे दयालु जननी जगतमाता भक्ति देवी के पुत्ररुप में कलियुग में प्रगट हुए है। स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि के शरण को प्राप्त होते है। और शरणागत बनते है।(३)

नारायणं धृतमनोहरवर्णिवेषम् धर्मं च नैष्ठिकमिह प्रथयंतमाद्यम् ।
तापत्रयाभिभवकारिगुणानुवादं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥४॥

बद्रिकाश्रम में तप करने नरनारायण ऋषि दुर्वासा ऋषि का श्राप स्वीकार करके नारायण साक्षात अभी मनुष्य रुप धारण करके विचरण करते है। जो अति मनोहर वर्णी के बटुक ब्रह्मचारी का वेश धारण किये है। अति कठिन और महान जो नैष्ठिक ब्रह्मचारी का धम पालन करके संसार को अच्छे मार्ग पर लाते है। आप के गुणो का गान करने से तीनो प्राकर के दुख कायिक वाचिक एवम् मानसिक नाश होता है। ऐसे दयालु जगत जननी जगमाता भक्त पुत्र रुप में इस कलियुग में प्रगट होकर स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि की शरण प्राप्त हुए है। और शरणागत बनाते है।(४)

शर्मप्रदातुमवनौ स्वसतामदभवम् हंतुं च तत्प्रतीपदुष्टजनान्सदीशम् ।
भक्तौ वृषाद्धृतशुभांगमजं रमेशं प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥५॥

स्वयं के अतिप्रिय भक्तो को मोक्ष प्रदान करने के लिये सदैव अजन्मा होने के कारण उनका जन्म और कर्म सदैव दिव्य है। फिर भी सत्पुरुष ऐसे भक्तो को सुख देतने के लिये तथा धर्म विरोधी दुष्टो का नाश करने के लिये सभी के ईश, नियन्ता लक्ष्मीप्रति ऐसा परमेश्वर श्रीहरि स्वयं हरिप्रसाद विप्र जो धर्मदेव के नाम से प्रसिद्ध है। उनके आँगन में माता भक्ति देवी के पेट से मनुष्य देह धारण किये है। ऐसे दयालु जगत-जननी जगत माता भक्तिदेवी के पुत्र रुप में कलिकाल में प्रगत हो कर स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि के शरण को प्राप्त होते है और शरणागत बनाते है।(५)

यस्येक्षणं स्मरणकीर्तनवंदनानि प्रीत्याहृणं श्रवणमाशु हरंति पापम् ।
मोक्षं दिशन्तिभवपाशनिबंधनातम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥६॥

हे प्रभु आपका प्रेम पूर्वक दर्शन करे या स्मरण, वंदन, पूजा करे तथा गुणगान महिमा की कथा सुनते है। उसके सभी पाप मिट जाते है। भव सागर से पार हो जाते है। ऐसे दयालु जगत जननी जगतमाता भक्तिदेवी के पुत्र रुप में इस कलियुग में प्रगट हुए है। स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि के शरण को प्राप्त किये है और शरणागत करते है।(६)

यस्याश्रयादवरजंतुरपि स्वपापं हित्वाप्य देववरणीयमथ स्वरुपम् ।
एत्यक्षरे निवसनं तमतीत्य विघ्नान् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥७॥

हे परमेश्वर आप के आश्रय करने मात्र से खराब से खराब जीव अधम से अधम व्यक्ति भी उंचे पद को प्राप्त कर सकता है। तथा मोक्ष प्राप्त करने वाले मार्ग में आनेवाले सभी प्रकार के विध्न अंतशत्रु, विषयवासना को जीतकर अविनाशी ऐसे अक्षरधाम में सदा महासुख प्राप्त करता है। ऐसे दयालु जगत जननी जगतमाता भक्तिदेवी के पुत्र रुप में कलिकाल में प्रगट स्वयं परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि की शरण प्राप्त किये और शरणागत को भी मिलता है।(७)

दीनानुकंपितमरं शरणागताघस्तोमम् गुणज्ञ न गणय्यगुणम् तदीयम् ।
अप्यल्पमीश सुभगं बहु मन्यमानम् प्राप्तोऽस्मि भक्तितनयंशरणंहरिं त्वाम् ॥८॥

आप की शरण में कोई दीन साधारण में साधारण गरीब जीव आता है उसके उपर दया करके करुणा से बड़े बड़े पापो के समुदाय को नष्ट कर देते है। उसमे यदि तोडा श्री सद्गुण होता है तो बडा मानकर स्वीकार लेते है। तथा अपने भक्तो को मोक्ष प्रदान करते है। ऐसे दयावान जगत जननी जगत माता भक्ति देवी के पुत्र रुप में कलिकाल में आकर। परमब्रह्म परमात्मा श्रीहरि के शरण में मिले है। और मुझे शरणागत करे।(८)

संसारसिंधुपतितस्य निजाधतः स्वप्रारब्धकर्म परिभुक्तवतोऽल्प बुद्धैः ।
वीक्ष्य स्वयं स्वबिरुदं कुरु मे भवाब्धेरुदधारमार्तिहरणं प्रणामाम्यहं त्वाम् ॥९॥

हे भगवान अपने ही कर्मो से इस संसार सागर में जन्म मृत्यु के चक्कर में स्थित जीव अपने कर्मो के कारण महान कष्ट और दुख भोगता है। वह साधारण अल्पबुद्धिवालो को ज्ञात नही वे मोक्ष मार्ग का उपाय भी नहि कर सकत् है। ऐसे जीवो का आप ही कल्याण कर सकते है। वर्णिराज कहते है कि हे प्रभु मेरे शरण में आये जीवो को भवसागर से जन्म-मरण के उबारियेगा। इस प्रार्थना के अलावा मेरे पास दूसरा कोई उपाय नही है। इस कारण से चरणो में साष्टांग दण्डवत प्रणाम करता हूँ। उसे आप स्वीकार करें।(९)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के मुख से सर्व जीव हितावह अमृत वचन

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

माता और मातृभूमि स्वर्ग से प्यारी होती है। हमारी संस्कृति का मूल यदि है तो वह गाँव है। आज हमारे पास २-३ मंजिला वातानुकुलित सुविधा वाले पक्के मकान है। याद करे अपने बुजुर्ग देशी नलिया तथा हाथ से गारा से लिपे हुए मकान में रहते थे। एक दो कमरा, बगल में रसोई, चोकडी, होती है। आज हमारे पास भगवान के लिये संगमरमर के सिंहासन है। सोना का भी होता है। लेकिन उस समय कमरे में लिपा हुआ आता होता था। उस में भगवान की मूर्ति होती थी। फ्रेम आवश्यक नही था। उस समय था भी नही। ताखे में भगवान को दीपक अगबरबत्ती होती थी। ताखा धुए के कारण काला पड़ जाता था। लेकिन उस कालेपन में उजाला है। इस कारण से हम लोग यहाँ बैठे है। जिस रसोई में रोटी बनाती हुए मातायें अपने बच्चे-बच्चीयो को गोद में लेकर होते हुए सम्भाला तथा संस्कार दिये आज उनके कारण मंदिर की सीढ़ीयो पर चढ पाते है। देश-विदेश या कही भी बसे हो लेकिन इसकी जड कहाँ पर मिलती है इसे हमें भूलना नही चाहिए। यदि शास्त्र का सार है। पूर्वज ने जो संस्कार दिये है उसी के कारण हम लोग सुखी है। उस कर्ज से मुक्त नही हो सकते है। समय जाता है लेकिन अपनी बसीयत कभी भूलना नही चाहिए। साधारण में जो सुख है वह आडंम्बर में नही है।

अपने अस्तित्व के पीछे जो भी कारण हो ये अपने बुद्धि का काम नही है। हम लोगो को भगवान मिले है इसलिये सुखी है। हमें संस्कार, सद्‌बुद्धि, अच्छे विचार भगवान देते है। आप ३० सेकेन्ड मंदिर में भगवान के सामने खडे रहे। ३० मिनट गाँव के चौराहे के पास खडे रहे। विचारो में परिवर्तन आता है कि नही ? अधिक तो नही १०% बदलाव आता है। ३० मिनट में चौराहे पर सद्‌विचार नही आयेगा। ३० सेकेन्ड मंदिर के अन्दर सद्‌विचार अवश्य आयेगा। मंदिर की सीढ़ी उतरने के बाद जो होता है वह हम जानते है। लेकिन भगवान का सानिध्य अच्छा और उत्तम विचार का वातावरण देता है। यह सत्य बात है। यदि वातावरण अपने बच्चो को देना है। संस्कार किसी को भी थैली या बैग से निकलकर नही दे सकते है। संस्कार घर और परिवार के वातावरण से मिलता है। शेष दुनिया में हम देखते है। मंदिर की एक सीढी भी नही चढ सकते है। अपनी ही बात ले, एकादशी आने पर कहते है पूर्णिमा आने दो तो जायेगे। पूनम आने पर पुन: एक महीना आगे काम आ जाता है। महाराज प्रतिदिन शाम को मंदिर जाने की आज्ञा किये है। तो भी रुक जाते है ! यह अधिक कठिन है।

अपने कई गाँवो में हरि मंदिरो में श्रीजी महाराज की प्रसादी की मूर्तिर्या है। उसका कोई मूल्यांकन नही कर सकता है। गाँव में महाराज के समय का भक्तजनो का एक सत्य एवम् महत्वपूर्ण इतिहास जुडा है। यह इतिहास कही पर ही मिलता है। दंत कथाये काफी मिलेगी। इतिहास नही मिलेगा। इसलिये हमें गर्व करना चाहिए। अधिक तो नही लेकिन हम इस गाँव के है और प्रसादी की भूमि पर बैठे है। ये अपनी वारसाई है यही सच्ची पूँजी और सम्पत्ति है। विदेश में जाये रुपये कमाये कोई बात नही, गृहस्थ के लिये अच्छा है। लेकिन रस और प्रेम नोटो में नही लेकिन नोटो के पिता जो सिंहासन पर बैठे है उसमें ध्यान रखो। नींद और शांति नोट से नही मिलती है। हमें सब कुछ भगवान से प्राप्त होता है। भगवान से मिलकर दु:खी क्यो हो। आनन्द करे। मेरे मुख पर कभी ग्लानि देखे है ? हँसता ही रहता हूँ।

लिखामि सहजानंद स्वामी ..... कहते है। यह शिक्षापत्री में लिख रहा हूँ। किसी के पास से लिखवा नही रहा हूँ। शिक्षापत्री में महाराज कहते है कि ये वाणी मेरा स्वरुप है। शिक्षापत्री में मानवता का धर्म सर्व प्रथम लिखा है। खेती में रखा मजदूर या किसी अवसर पर रखा मजदूर, उसे कही हुई मजदूरी दे देते है। उसको बाकी नही नही रखते है। इसमें कौन सा शास्त्र है ? मानवता के धर्म

की बात है। कैसे दातुन करे महाराजने हमे बताया है। छत पर चढ़कर गाँव देखते हुए। जहाँ मन हो थूक दे ऐसा नही बोले है। एक जगह पर बैठकर दातुन करना चाहिए। इस में स्वच्छता और सज्जनता का पाठ दिये है। देश में आज सफाई अभियान चल रहा है। यह महाराज ने दो शताब्दी पहले बताये थे। संसार में मा-पिता अपने बच्चे का ५ से ७ वर्ष तक बालक अपने पिता का हाथ पकड कर चलता है। बाद में छोड देता है। धक्का खायेगा सीख जायेगा। हमारे बाप जीवन पर्यन्त अपना हाथ पकडे है। प्रतिदिन पाठ करना कि याद रहे की मानवता भूल न जाये। इस लिये आज्ञा दिये है। आप यदि किसी की कमी है तो वह हे मानवता की। धन और पेट्रोल की कमी नही है। काले सर वाला व्यक्ति क्या नही कर सकता ? मानव-मानव के प्रति अंतर बढ गया है। भाईयो में, परिवार में, सगे-सम्बन्धी में अड़ोश-पडोस में स्नेह नही रह गया है। झगडा-झंझट करते है। बात २% जाने देना चाहिए यदि इतना भी न कर सके तो हम मात्र मंदिर की सीढीयो को धिसने लिये जाते है। तथा कई लोग अपने लडको से बोलकर जाते है कि यहाँ की सीढीयो पर मत चढना। प्रेम से रहे ? अपना सम्प्रदाय में मानवता मूल है। मानवता खत्म होने पर कुछ काम नही आता है। मानवता बड़े से बड़ा धर्म है। देश की सुरक्षा, संस्कृति और मानवता से प्रेरित होकर प्रति दिवाली को लालजी महाराज तथा श्रीराजा अन्नकूट की प्रसादी लकेर हमारे **BSF** जवानो के बीच दिवाली मनाते है। देश के लिये शहीद **CRPF** जवानो के परिवार के लिये नारणपुरा मंदिर में उत्सव के माध्यम से २५ लाख का धन इकट्ठा किये थे। किसी को **Direct** संकल्प करना हो तो प्रत्येक सेलफोन पर **CRPF** की स्पेशल साइट पर से फंड दे सकते है। देश प्रेम तो होना चाहिए। दूसरा कुछ आये या ना आये हमें अपने देश पर गर्व करना चाहिए। राष्ट्र के प्रति प्रेम माला फेरने जैसा ही है। रथयात्रा के साथ शोभायात्रा हो। उसमे कोई रोक नही है। लेकिन कार्य के दिनो में विशेषकर शहरो में शोभायात्रा नही करना चाहिए। शोभायात्रा विवाह यात्रा में बदल जाती है। शहर में ट्राफिक होती है। उसमें आवाज धुल-मिल जाती है। मानव बल तथा समय और धन, व्यय, पर्यावरण की क्षति आदि से हानि होती है। वरघोडा निकालते समय चौराहे पर आधे धंटे रोक दे तो लोग वरघोडा के लिये अच्छे शब्द का प्रयोग नही करेगे। कलेजे पर हाथ रखखर बोले अपने शोभायात्रा से सामान्य मनुष्य को कष्ट न मिले इस लिये मानवधर्म पर विचार करके वरघोडा नही निकालना चाहिए। ऐसा मेरा मानना है।

महाराजने त्याग का पक्ष लेकर उपासना के लिये मंदिर बनाये। यह वक्तव्य बहुत बड़ा है। सभा में माला कई लोग पहनते है। माला फेरना भी एक बडी तपस्या है। मैं नही कहता ४० माला फेरे, ५ फेरे अधिक है। किन प्रतिदिन भगवान के मंदिर जाकर देव का दर्शन करे। यह मेरा अनुरोधहै। आवश्यक होने पर संतोने प्रेरणा दिये है। आध्यात्मिक कर परिश्रम किये है इस लिये इन मंदिरो का उपयोग हो आवश्यक है। मंदिर जाये तो सच्चे अर्थ में मंदिर ही जाये। इस पर एक बात याद आती है वह बता दूँ। कोई शिष्य एक ऐसे गुरुकी खोज में था। कि वह गुरु दूसरे से अधिक योग्य हो। जिससे मैं आगे बढ़ सकु। मेरा अनुभव का स्तर बढे। किसी ने कहा अमुक गुरु के पास जाओ। वहाँ जाता। गुरु से बात किया कि में आप के पास रहूँगा। मुझे ज्ञान से ईस्वर की प्राप्ति करनी है। वह गुरु के पास एक महीना रहा। वह प्रतिदिन देखता गुरु कैसे शयन करते है ? कैसे भोजनक रते है ? कैसे माला फेरते है। शिष्य को सब सामान्य रुप से लगा। कुछ विशेष नही लगा। इस कारण से एक दिन आकर गुरु से बोला कि आप में और मेरे में क्या अन्तर है। आप भी खाते है, सोते है, माला फेरते है। मैं भी तो माला फेरता हूँ, सोता हूँ और खाता हूँ। मैं अब जा रहा हूँ। मेरा समय नष्ट न हो अभी गुरुने जो उत्तर दिये आप सुने। गुरु कहते है। तुमको जाना हो तो जा सकते हो, कोई बात नही है। लेकिन तुम अन्तर की बात कर रहा है तो अन्तर क्या ? मैं सोता हूँ तब सोता हूँ, जगता हूँ तो जागता हूँ, खाता हूँ तो खाता हूँ और माला करता हूँ तो माला फेरता हूँ। अब सोचो इस प्रकार करना कठिन है कि नही। बात इस लिये कर रहे है कि ईश्वर का दर्शन करते समय मात्र दर्शन ही करे। मंदिर में कौन आया और कौन गया वह देखने की आवश्यकता नही है। फिर भी यह याद रहता है। जब हम भगवान का दर्शन अन्त में कब किये पता नही होता है।

जीवन में प्रथमबार भगवान की पूजा करते है तो संत प्रेरणा देते है, प्रणालिका बताते है। स्नान करके धोती पहनाना, तिलक करना, महाराज के आसन में मोह न रह जाये। सभी क्रियाये भाव से श्रद्धा और ध्यान पूर्वक करते है। पाँच वर्ष के बाद क्या होता है ? समझ गये ? पूजा पर फोन आये। एक माला चलेगी। जाने दे कल करेगे ? ऐसे लोग भी होते है। भगवान रक्षा करे। मैं देखा हूँ इसलिये कह रहा हूँ। एक जगह मैं घर से निकला एक भगत मूर्ति उल्टी रखा था। मैं कुछ बोला नही और चल दिया। आप की व्यक्तिगत पूजा है। मैं देखने भी नही निकला था। लेकिन मन में ऐसा भाव आता है कि अरे भाई भगवान की मूर्ति तो सीधे रखे ! इस लिये महाराज कहते है कि प्रतिदिन नयी श्रद्धा रखे। यन्त्रवत आदत न डाले। सच्चे अर्थ में श्रद्धा और भक्ति में अभिवृध्धिहोनी चाहिए।

यदि हम अपना ही कार्य करेगे तो ये पशु भी करते है। किसी के लिये कुछ करे यह सत्य में सज्जन आदमी का लक्षण है। पशुओ को छोडने पर घास खाकर पेट भर वापस आ जाते है। घास का गट्ठर साथ नही लाते है। भगवान सेवकराम साधु को जानकर, रोगी जानकर सेवा किये थे। केवल बात और उपदेश नही दिये थे। गाँव में सच्चे अर्थ में कोई दुखी हो उसकी मदद करना अपना नैतिक फर्ज है। मंदिर में गली में (प्रदक्षिणा पथ पर) बैठकर आपस में हालचाल पूछे तो उन्हे भगवान नरक में नही भेजने वाले है। अहमदाबाद या मूली के मंदिर को देखे। प्रदक्षिणा में ब्रह्मानंद स्वामी सुविद्या रखे है। बन सके तो वृद्ध और बच्चो के लिये सुविधा प्रदान करना। बच्चे भगवान के सानिध्य में बडे होगे। बडे लोग धूप में बैठकर भले ही गप करे। किसी की निंदा न करे वहाँ तक चिंता नही है। जाति-लिंग भेदभाव छोडकर लोग अपना जन्म दिन, विवाह-मरण के प्रसंग के सामाजिक कार्य को भोजन व्यवस्था हो सके एसी सुविधा अपने मंदिर में होना चाहिए। ऐसे-वैसे पैसा खर्च करने से अच्छा यहाँ पर खर्च करे। नया कार्य हो रहा हो तो चार विषेशज्ञो से मत अवश्य ले। अंबापुर गाँव में अभी गोवर की जमीन पर बगीचा बनाया गया है। ये शास्त्र सम्मत कार्य है। खिस्सा पोथी की बात नही करते है। भविष्य ५० वर्ष में मंदिर में सुविधा नही रहेगी, वाथरुम गंदा तथा पानी की व्यवस्था नही हो तो मंदिर आना कठिन हो जायेगा। न आये वह चिंता नही। लेकिन प्यासे को पानी मिलना चाहिए। थके को बाकडा मिलना चाहिए। पानी दे और साथ ही साथ प्रसादी के कुछ अंश मोहन थाल या मगश दे। यह मानवता है। बाद में मंदिर में सीढी चढ कर दर्शन करे यह उसका कर्म है। यह भगवान के उपर छोड दे। गुणबुद्धि आने से सत्संग होता है। इतना समझ ले।

भगवानजी भगवान मिलने के बाद दुखी न रहे किसी समस्या का समाधान खोजे तो निराकरण मिल ही जाता है। शिकायत कर्ता कोई भी बन सकता है। लेकिन मालिक तो उका खाचर जैसे ही बन सकते है। लोग बोले उका खाचर बोले नही, लेकिन जो करना था करके चले गये। तब महाराजने उन्हें धरधणी की पदवी दिये थे।

नया मंदिर बनता हो या रिनोवेशन होता हो तब प्लीन्थ लेवर के बाद ४ या ५ सीढी से उपर मंदिर न बनाये। क्योकि दो मंजले वाले मंदिर पर बुजुर्ग चढ नही सकते है। मैने अपने आँखो से देखा है पहले खेतो में काम करके व्यायम कर लेते थे। उस समय वृद्ध लोग तुरंत सीढी चढ जाते थे। वर्तमान में मानव कुर्सी-टेबल की सेवा अधिक लेता है। आवश्यकता आने पर खुटना भी बदलवा देता है। ये समय की माँग है। दूसरे मंदिर की अपेक्षा अपने मंदिरका शिखर कम उँचा दिखे तो कोई बात नही है। लेकिन अपनी नियत और मानवता के सिद्दान्त से भगवान को खुश रखे ऐसा हो आवश्यक है। मुझे समस्या नही है लेकिन वृद्धो और छोटे बच्चे-बच्चियो का ध्यान देकर कार्य करे।

कुछ बाते खुलकर नही कहना चाहिए। परंतु इस बात को कहे बिना उद्धार नही है। कुछ भक्तो के लगाव तथा भावना का दुरुपयोग करके कुछ संत कुछ जगह पर बोलते है कि कालुपुर मंदिर से हमे सीधे दवा या अन्य खर्च देते नही है। आप भावुक होकर इस बात पर विश्वास करके व्यवहार कर देते है। ये गलत है। किसी भी मंदिर के २-४ अग्रणी जब समय मिले आप आये तथा कालुपुर मंदिर के संतो के लिये अनाज या चिकित्सालय का पेमेन्ट कितने लाखो-करोडो में किया गया है। वह हमारे पास देख सकते है। प्रत्येक वस्तु की नोंध, एकाउन्ट और सूचना आँकडा के साथ मिल सकता है। हरिभक्तो की आवश्यकता पडने पर

मदद करते है । पूरे वर्ष का प्रगति देख सकते है । कालुपुर मंदिर का व्यवस्था पारदर्शक है । ये संत आप के है । उससे अधिक ये हमारे है । संतो के भूगतान हेतु हम दो बार निरीक्षण नहीं करते है । खुटना बदले की नही उसकी जांच नही करते है । फिर भी आप आकर देख सकते है । किसी के वह काबिल आये । संतो को धोती न दे उन्हे कोई समस्या नहीं है । लेकिन अन्य व्यवस्था में रसीद विना की बात मैं मानता नही हूँ । रसीद भी देव की नरनारायणदेव की होनी चाहिए । ट्रस्ट की नही होनी चाहिए । भगवान के नाम पर आप के भावना को कोई दुरुपयोग नहीं करे इस पर ध्यान दे । अधिक धन हो तो घर में बच्चो के लिये या गृहिणी के लिये साड़ी कपड़े लाकर दे दे ।

सम्मान उसे मिलता है जो थोडा छोडना सीखता है । अधिक कठोर होने में आनंद नही है । बड़ी आँधी आने पर बड़े वट वृक्ष टूटकर गिर जाते है । क्योंकि समय के साथ चलना नही आता है । जब ऐसे आँधी में छोटे वृक्ष का कुछी नही होता है । क्योकि समयानुसार उसे बदलना आता है । इस लिये आपस में मिल जुलकर प्रेम से रहना चाहिए । भगवान और भगवान के भक्त का दर्शन करके । जीवन में यही करना है । यही हमारी पूँजी है । यह मेरा मानना है । प्राचीन समय के मंदिरो में उस समय के कारीगर कुछ कम किये पूर्ण मनोयोग से मंदिर बनाये है । लेकिन तकलीफ हमें है कि हमारे यह अच्छा नही लगता है । सोने का बनाना है । सोना में कोई स्वाद नही है । उसे सुरक्षित रखना है । व्यवस्था पूरी न होतो बताये ।

भगवान और भगवान के अवतारो में कोई भेदभाव नही करना है । भेदभाव होने पर दिवार आ जाती है । भगवान का अवतार भगवान की ईच्छा से हुआ है । हमारे और आप के इच्छा से नही होता है । जो जिसके देव है उनके लिये वह सर्वोपरि है । स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री में आज्ञा दिये है कि रास्ते में भगवान का मंदिर आये तो आदरपूर्वक नमस्कार करना चाहिए । भगवानने राम को तिलक या शिवजी का तिलक हटा देने की बात नही किये है । विश्व के स्वामिनारायण सम्प्रदाय को सर्वप्रथम मंदिर कालुपुर में श्री नरनारायणदेव की साथ ही साथ शिवजी पार्वती सूर्यनारायण, गणपति और हनुमानजी विराजित है। इतना ही नही कोई मुस्लिम समाज पढना चाहे तो मूर्ति विना गोखला भी मिल जायेगा । इतनी छूट, सुविधा और विचार की विशालता अपने इष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवान रखे ते ।

मेरा १००% ऐसा मानना है कि सम्प्रदाय में साधु हो या सांख्ययोगी बहने हो जो देव के होकर रहते है । किसी प्राईवेट संस्था में नही है । अपने मंदिर में रहकर वर्षो से देव की, सत्संग की, हरिभक्तो की सेवा करते रहे है । ये सच्चे त्यागी और बड़े बैरागी है । ऐसे संत हमारे हृदय के टुकडे समान है । इन संतो को सेवा का प्रमाणपत्र स्वयं महाराज देगे । मैं नही देता हूँ ।

इसी न्याय से हमारे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री हमारे मंदिर को उत्सव में चाहे वह नारदीपुर हो या नाराणपुरा मंदिर रजत-जयंती महोत्सव हो या झूंडाल गाँव में मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव या अन्य उत्सव संतो को अंन्तरमन से सम्मान तथा यश देते है । संक्षिप्त में सभी से क्षमा याचना के साथ सभी हरिभक्तो को भाव से वंदन तथा जय श्री स्वामिनारायण ।

श्री स्वामिनारायण मासिक के प्रतिनिधियो द्वारा आजीवन सदस्य

हमारे श्री नरनारायणदेव देश गद्दी के अच्छे निष्ठावान शूरवीर प.भ. डाह्याभाई चेलाभाई बूटिया (कालीयाणा) द्वारा जेतलपुरधाम के पू. स.गु. महंत शा. स्वा. आत्मप्रकाशदासजी की प्रेरणा से ट्रेन्ट श्री स्वामिनारायण मंदिर के शताब्दी महोत्सव पर ७६ जितने श्री स्वामिनारायण मासिक के आजीवन सदस्य बनाये है । प.पू. लालजी महाराजश्री उन्हे अन्तःकरण से आशीर्वाद प्रदान किये है ।

प.भ. उपेन्द्रभाई बलदेवभाई सोनी विरमगाम चि. पौत्र मंथन के जन्मदिन पर १५ श्री स्वामिनारायण मासिक के आजीवन सदस्य बनाये है । प्रत्येक सदस्य से रु।. १००/- सौजन्य सेवा किये है । उन्हे भी प.पू. लालजी महाराजश्री ने अंन्तःकरण से आशीर्वाद प्रदान किये है ।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

एक उत्साही संत की चोटी खड़ी हुई । आँखो में गुस्सा भर गया होठ काँपने लगा, शरीर कांपने लगा, मन में रोष से युक्त ऊंचे स्वर से पट्न को श्राप देने के लिये देवानंद स्वामी तैयार हो गये और साथ में कमन्डल में से पानी को अंजलि में लेकर.... सहजानंद महाप्रभुने उन्हे तुरंत शांत किये और धैर्य रखने की आज्ञा दिये - सभी समाज के भ्रमित होकर एक संत की आध्यात्मिक शक्ति और उनके गुरु श्री स्वामिनारायण भगवान की करुणा द्रष्टि को विस्फरित नेत्र से देख रहे थे ।

बात ऐसी है कि उस समय अहमदाबाद में पेश्वा का शासन था । छलकपट से स्वामिनारायण को मारने के लिये भद्र के बट्टी तेल की टंकी के उपर आसन लगाकर सहजानंद स्वामी से वहाँ पर आने को कहा गया ।

श्रीहरि अपने साथ कुछ पार्षद और साधु के साथ वहाँ आये । लेकिन अन्तर्यामी श्रीहरि पेशवा के मलिन भाव को जान गये थे । इस कारण से अपने आसन को सहजभाव से अपने छड़ी से थोडा दबा कर देखे आसन टंकी के अन्दर गिर गया । और पेशवाकी करतूत का पर्दापाश हो गया ।

श्रीजी महाराज के इस छडी ने ऐसे अनेक लोको के कृत्यो को पर्दापाश किये है । इसी छडी से कई भक्त जनो को समाधिभी प्रदान किये है ।

यह एक ऐसी महाप्रसादी छडी है जिसने पेशवा का षडयंत्र का पता लगाया । उनका राज्य भी चला गया । यह चमत्कारी छडी आज अपने म्युजियममें सुरक्षित है । राज सत्ता से भी दूर कर दे । ऐसी ये धर्म की छडी का दर्शन करके हम लोग पुण्य प्राप्त करते है ।

सभी हरिभक्तो ये प्रसंग पढ़कर विचार कर खूब महिमा पूर्वक इस छडी का दर्शन करियेगा ।

स्वामिनारायण म्युजियम के होल नं. ४ यह प्रसादी की छडी रखी गयी है ।

- प्रो. हितेन्द्रभाई नारणभाई पटेल

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में पंजीकृत श्री महाविष्णुयाग यज्ञ की सूची मार्च-२०१९

दि. ०९-०३-२०१९ अमृतभाई शिवाभाई पटेल परिवार (कौशलेन्द्र ईन्जीनीयरिंगवाला - अहमदाबाद)

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि-मार्च-२०१९

दि. ०५-०३-२०१९ पटेल सुधीरभाई परसोत्तमभाई (दासभाई), ह. लाभुबेन तथा नेहा तथा वेनेसा (हर्षदकोलोनी - बापूनगर हाल ओस्ट्रेलिया)

दि. ०९-०३-२०१९ स्वामिनारायण म्युजियम के आँठवे वार्षिक उत्सव पर महापूजा के मुख्य यजमान प.भ. श्री करशनभाई कानजीभाई राघवाणी, अ.सौ. जशोदाबेन करशनभाई राघवाणी, श्री श्यामभाई करशनभाई राघवाणी, अ.सौ. दिमिताबेन श्यामभाई राघवाणी, श्री ऋषिकुमार करशनभाई राघवाणी, अ.सौ. रेश्माबेन ऋषिकुमार राघवाणी, कुमारी रीमाबेन करशनभाई राघवाणी, कुमारी हर्षिनीबेन श्यामभाई राघवाणी

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि मार्च-२०१९

रु। २१,०००/- रमीलाबेन गोविंदभाई पटेल - मणीनगर

रु। ५,१२१/- अ.नि. मणीलाल लक्ष्मीचंद भालजा साहब, ह. प्रबोधभाई झाला, डॉ. निकुंज - स्वामिनारायण म्युजियम के आठवें पाटोत्सव के उपलक्ष्य में।

रु। ५,०११/- डॉ. निकुंज के पुत्र अर्थ के आठवे वर्ष के प्रवेश के उपलक्ष्य में, ह. डॉ. निकुंज, डॉ. धारा

रु। ५,०००/- अ.नि. आनंदीबेन वासुदेवभाई काछिया - बालासिनोर

रु। ५,०००/- मीनाबेन के. जोषी - बोपल

रु। ५,०००/- लालजीभाई रवजीभाई सूतरीया चि. परिमल के विवाह अवसर पर - कर्मशक्ति - नरोडा

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है।

सत्संग आख्यानिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

श्रीहरि द्वारा स्वयं कही एक कथा

– शास्त्री हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

बाल मित्रो ! आज हम एक अच्छी बात पढेगे । और हाँ ये बात भी कैसी ! स्वामिनारायण भगवानने स्वयं की कही और हाँ वो भी अहमदाबाद में । और हाँ वो भी नरनारायणदेव की सन्मुख बैठकर ! बात ऐसी है ।

परमात्मा स्वामिनारायण भगवान विक्रम संवत १८८२ के फाल्गुन माह के त्रीज के दिन अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव की सन्मुख वेदिका के उपर बिराजमान थे । भगवानने गुलाबी रंग की पगड़ी पहनी थी । पगड़ी में गुलाब के फूल के डाल झूल रहे थे । गुलाब के बहुत सारे हार धारण किए हुए थे । अनेक प्रांतो से गाँव-गाँव से उए हुए संतो-हरिभक्तों की सभा हुई थी । फिर भगवान स्वंय कहने लगे हे भक्तो ! एक बार कोई एक नटमंडली निकली किसी गाँव के राजाने जाकर बात कही में हमारी विद्या बतानी है । राजाने हाँ कहा । रात को प्रोग्राम नक्की हुआ । उस नट ने राजा से कहा की राजा साहेब ! आप आओं तो ही पहले के राजाओं को कहीं भी रात या दिन में जाना होता तो डर नही लगता था । अब तो इधर-उधर हाजरी देते है । कहीं जल्दी आते है नहीं । राजाने हाँ कहाँ बोला ।

इस नट मंडल में नट और उसका परिवार और दूसरे यंत्र बजाने वाले इतने लोग थे । दूसरे कोई नहीं । गाँव के चौक में रात को सभी लोग इकट्ठे हुए । राजा को जाकर नमस्कार किया और प्रोग्राम शुरु किया ।

नट एक सूत का गेंद लाया । फिर कहा के देखो सब सुनो । अभी आकाश में देवों और दैत्यो का युद्ध चल रहा है और उसमें देवताओं की मदद में मुझे लडने जाना है अभी तुम्हारे देखते ही स्वर्ग में चला जाऊँगा ।

ऐसा कहने के बाद राजा के पास गया और विनंती की की में लडने जा रहा हूँ देवो के पक्ष में लड़ते-लड़ते शायद मेरी मृत्यु हो तो मेरी पत्नी और बच्चों का भरण पोषण करने की व्यवस्था आपको करनी होगी ।

ऐसा कह कर उसने सूत का गेंद आकाश में फेंका गेंद आकाश में गई और एक छोर नट के हाथ में रहा । इस छोडे से नट उपर चढ़ने लगा सभी लोग उसे एक टक देख रहे थे की इतने पतले सूत के डोरी पर ये नट किस तरह चढ़ सकता है । नट उपर गया फिर शस्त्रों की आवाज आने लगी । मारो-मारो की आवाजे सुनाई देने लगी सबको लगा की सच में युध्धचल रहा है ।

कई बार फिर एक वस्तु बनके नट का एक हाथ हथियार से कटकर नीचे गिर पडा । थोडी देर बाद फिर से दूसरा गिरा । ऐसे करते करते पैर, सर, धड सब नीचे गिरा और सचमुच नट की मृत्यु हो गई । ये देखने वालो को लगा नट का शरीर टुकड़ो में देख सभा में सन्नाटा छा गया ।

